CS (Main) Exam,2021

**HXS–U–COMA**

# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* लेखांकन मानक-3 (ए० एस०-3) की महत्ता संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

Briefly explain the significance of Accounting Standard-3 (AS-3).

*(b)* कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ई० एस० ओ० पी०) के महत्त्व की विवेचना कीजिए।

Discuss the importance of Employee Stock Option Plan (ESOP).

*(c)* डूबंत लागत एवं अवसर लागत क्या हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

What are sunk cost and opportunity cost? Explain with example.

*(d)* आवासीय स्थिति एवं कर-भार में क्या संबंध है?

What is the relationship between residential status and incidence of tax?

*(e)* बीमा कम्पनी की लेखापरीक्षा से संबंधित प्रमुख पहलुओं की विवेचना कीजिए।

Discuss the key aspects in respect of audit of insurance company.

**2.** *(a)* *X* लिमिटेड और *Y* लिमिटेड दूरसंचार (टेलीकॉम) के व्यवसाय में थे। दोनों कम्पनियों ने समामेलन करके नई कम्पनी *XY* लिमिटेड बनाने का निर्णय लिया जिसकी अधिकृत पूँजी ₹ 20,00,000 होगी, जो ₹ 10 प्रति शेयर के 200000 इक्विटि शेयरों में विभाजित होगी। 31.03.2021 को कम्पनियों के तुलन-पत्र इस प्रकार थे :

| *विवरण* | *X लिमिटेड* (₹) | *Y लिमिटेड* (₹) |
|---|---|---|
| I. इक्विटि एवं दायित्व : | | |
| 1. शेयरधारक निधि : | | |
| *(a)* शेयर पूँजी | 2,80,000 | 5,00,000 |
| *(b)* आरक्षितियाँ एवं अधिशेष (लाभ एवं हानि खाता) | 60,000 | 3,10,000 |
| 2. अप्रचलित दायित्व : | | |
| 8% सुरक्षित ऋणपत्र | 2,20,000 | — |
| 3. चालू दायित्व : | | |
| व्यापारिक देय | 1,08,000 | 2,80,000 |
| *कुल* | 6,68,000 | 10,90,000 |
| II. परिसंपत्तियाँ : | | |
| 1. अप्रचलित परिसंपत्तियाँ : | | |
| परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण | 2,50,000 | 5,90,000 |
| 2. चालू परिसंपत्तियाँ : | | |
| *(a)* मालसूची | 2,70,000 | 1,00,000 |
| *(b)* व्यापारिक प्राप्य | 88,000 | 2,84,000 |
| *(c)* बैंक में नकद | 60,000 | 1,16,000 |
| *कुल* | 6,68,000 | 10,90,000 |

विद्यमान कम्पनियों की परिसंपत्तियों एवं दायित्वों को, कुछ मदों को छोड़कर जिनका ब्योरा नीचे है, पुस्तक मूल्य पर हस्तांतरित किया जाना है :

(1) *X* लिमिटेड के ऋणपत्रों को, *XY* लिमिटेड के 8% ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर जारी करके, निपटाया जाना है

(2) *Y* लिमिटेड की परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर का मूल्य ₹ 6,10,000 निर्धारित किया गया

(3) *X* लिमिटेड के व्यापारिक प्राप्यों की पूर्ण रूप से वसूली हुई है एवं *X* लिमिटेड का बैंक शेष परिसमापक द्वारा रखा जाना है जिस राशि से व्यापारिक देयों का भुगतान किया जाना है

(4) *X* लिमिटेड की ख्याति ₹ 1,00,000 एवं *Y* लिमिटेड की ख्याति ₹ 3,00,000 थी

दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

*(i)* उस आधार की गणना कीजिए, जिस पर *XY* लिमिटेड के शेयरों को विद्यमान कम्पनियों के शेयरधारकों को सममूल्य पर जारी किए जायेंगे।

*(ii)* 1 अप्रैल, 2021 को, जिस तिथि पर समामेलन पूर्ण हुआ, *XY* लिमिटेड का तुलन-पत्र तैयार कीजिए।

*(iii)* *X* लिमिटेड की पुस्तकों को बन्द करने हेतु बैंक प्रविष्टियाँ सहित आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

*X* Ltd. and *Y* Ltd. were in telecom business. Both the companies took a decision to amalgamate and a new company *XY* Ltd. is to be formed with an authorized capital of ₹20,00,000 divided into 200000 equity shares of ₹10 each. The Balance Sheets of the companies as on 31.03.2021 were as under :

| *Particulars* | *X Ltd.* (₹) | *Y Ltd.* (₹) |
|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities : | | |
| 1. Shareholders' Fund : | | |
| *(a)* Share capital | 2,80,000 | 5,00,000 |
| *(b)* Reserves and Surplus (Profit and Loss A/c) | 60,000 | 3,10,000 |
| 2. Non-current liabilities : | | |
| 8% Secured Debentures | 2,20,000 | — |
| 3. Current Liabilities : | | |
| Trade Payables | 1,08,000 | 2,80,000 |
| *Total* | 6,68,000 | 10,90,000 |
| II. Assets : | | |
| 1. Non-current Assets : | | |
| Property, Plant and Equipment | 2,50,000 | 5,90,000 |
| 2. Current Assets : | | |
| *(a)* Inventories | 2,70,000 | 1,00,000 |
| *(b)* Trade Receivables | 88,000 | 2,84,000 |
| *(c)* Cash at Bank | 60,000 | 1,16,000 |
| *Total* | 6,68,000 | 10,90,000 |

The Assets and Liabilities of the existing companies are to be transferred at book value with the exception of some items detailed below :

(1) The debentures of *X* Ltd. are to be discharged by issue of 8% debentures of *XY* Ltd. at a premium of 10%

(2) Property, Plant and Equipment of *Y* Ltd. was valued at ₹6,10,000

(3) The Trade Receivables of *X* Ltd. are realised fully and bank balance of *X* Ltd. are to be retained by the liquidator and the Trade Payables are to be paid of the proceeds thereof

(4) Goodwill of *X* Ltd. was worth ₹1,00,000 and *Y* Ltd. was worth ₹3,00,000

You are required to—

*(i)* compute the basis on which shares in *XY* Ltd. will be issued at par to the shareholders of the existing companies;

*(ii)* draw up a Balance Sheet of *XY* Ltd. as at 1st April, 2021, the date of completion of amalgamation;

*(iii)* pass necessary Journal Entries including bank entries for closing the books of *X* Ltd. 20

*(b)* विनिर्माण संगठन में अच्छी लागत प्रणाली स्थापित करने के सिद्धांतों एवं चरणों को समझाइए।

Explain the principles and steps in setting up a good costing system in a manufacturing organisation. 15

*(c)* *(i)* अल्पकालीन पूँजीगत परिसंपत्तियों और दीर्घकालीन पूँजीगत परिसंपत्तियों को परिभाषित कीजिए।

*(ii)* अल्पकालीन और दीर्घकालीन पूँजीगत लाभों पर कर की गणना कैसे होती है?

*(i)* Define short-term capital assets and long-term capital assets.

*(ii)* How to compute tax on short- and long-term capital gains? 15

**3.** *(a)* श्री *B* (49 वर्ष), एक निवासी व्यक्ति, 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष से संबंधित निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करता है :

उनके बही-खाता में उनके बैंक खाते के विश्लेषण से निम्नलिखित आँकड़ों का पता चलता है—

| | (₹) |
|---|---|
| • खाली जमीन से प्राप्त किराया | 4,00,000 |
| • पुणे में एक घर के लिए *X* (P) लिमिटेड से प्राप्त राशि जिसके लिए वह पिछले 4 वर्षों से किराया वृद्धि के लिए बातचीत कर रहा था (इस पर पिछले वर्षों में कोई कर नहीं लगा है परन्तु यह घर मार्च, 2020 के दौरान हस्तांतरित हुआ है) | 3,00,000 |
| • अलेकियो, जो उसका परम मित्र है, से उपहार मिला | 1,20,000 |
| • माँ के पिता से उपहार मिला | 1,60,000 |
| • टी० वी० गेम शो से जीता हुआ (निवल) | 1,40,000 |
| • जब्त राशि (शुरू में अपने खाली प्लॉट के खरीददार द्वारा भुगतान किया गया क्योंकि खरीददार समझौते के अनुसार सौदे को अंतिम रूप नहीं दे सका) | 6,20,000 |
| • कीमेन बीमा-पत्र से मिली राशि | 4,40,000 |
| *अन्य जानकारी :* | |
| *(i)* धारा 12AA के तहत पंजीकृत धर्मार्थ न्यास को नकद दान दिया | 24,000 |
| *(ii)* वर्ष के दौरान लोक भविष्य निधि (पी० पी० एफ०) खाते में जमा ब्याज | 17,800 |
| *(iii)* उसकी नाबालिग लड़की के नाम पर लोक भविष्य निधि खाते में चुकाया | 1,50,000 |
| *(iv)* वह मलेशिया में कृषि भूमि का मालिक है। उसने उससे कृषि आय अर्जित की | 3,60,000 |

श्री *B* की कर-निर्धारण वर्ष 2021–22 के लिए कर-योग्य आय की संगणना कीजिए।

Mr. *B* (49 years), a resident individual, furnishes the following particulars pertaining to the year ending 31st March, 2021 :

Analysis of his bank account in his ledger reveals the under-mentioned data—

| | (₹) |
|---|---|
| • Rent received for a vacant plot of land | 4,00,000 |
| • Amount received from *X* (P) Ltd. for a house at Pune for which he had been in negotiation for rent enhancement since last 4 years (this has not been taxed in any earlier year. However, this house is transferred during March, 2020) | 3,00,000 |
| • Gift received from Alekhyo, his best friend | 1,20,000 |
| • Gift received from mother's father | 1,60,000 |
| • Winning from a TV game show (net) | 1,40,000 |
| • Amount forfeited (initially paid by a buyer of his vacant plot, since the buyer could not finalise the deal as per agreement) | 6,20,000 |
| • Amount received under Keyman Insurance Policy | 4,40,000 |
| *Other information* : | |
| *(i)* Donation given in cash to a charitable trust registered under Section 12AA | 24,000 |
| *(ii)* Interest credited in the Public Provident Fund (PPF) account during the year | 17,800 |
| *(iii)* Public Provident Fund paid in the name of his minor daughter | 1,50,000 |
| *(iv)* He owns agricultural lands at Malaysia. He has derived agricultural income therefrom | 3,60,000 |

Compute the taxable income of Mr. *B* for the assessment year 2021–22. 20

*(b)* राइट शेयर क्या है? इसके लाभों को समझाइए।

What is right share? Explain its advantages. 15

*(c)* एक कारखाने में उत्पाद दो प्रक्रियाओं *A* और *B* से गुजरता है। प्रक्रिया *A* पर 5% हानि अनुमत है और प्रक्रिया *B* पर 2% । अपव्यय के निपटान से कुछ भी वसूल नहीं होता है। जुलाई, 2021 के दौरान, प्रक्रिया *A* में ₹ 6 प्रति इकाई की लागत की सामग्री की 10000 इकाइयाँ प्रयुक्त की गई थीं। अन्य लागतें इस प्रकार थीं :

| | प्रक्रिया *A* (₹) | प्रक्रिया *B* (₹) |
|---|---|---|
| सामग्री | — | 6,140 |
| श्रम | 10,000 | 6,000 |
| उपरिव्यय | 6,000 | 4,600 |

प्रक्रिया *A* से निर्गत (आउटपुट) 9300 इकाइयाँ थीं। प्रक्रिया *B* से निर्गत 9200 इकाइयाँ थीं।

प्रक्रिया लेखा तथा अपसामान्य हानि/लाभ लेखा तैयार कीजिए।

In a factory, the product passes through two processes, *A* and *B*. Loss of 5% is allowed in process *A* and 2% in process *B*. Nothing being realised by disposal of the wastage. During July, 2021, 10000 units of material costing ₹ 6 each were introduced in process *A*. The other costs were as follows :

| | *Process A* (₹) | *Process B* (₹) |
|---|---|---|
| Materials | — | 6,140 |
| Labour | 10,000 | 6,000 |
| Overheads | 6,000 | 4,600 |

The output was 9300 units from process *A*. The output of process *B* was 9200 units.

Prepare Process Accounts and Abnormal Loss/Gain Accounts. 15

**4.** *(a)* *ABC* कम्पनी मेज़ें (टेबुल) बनाती है। उनके लेखांकन के विश्लेषण से प्रकट होता है—

| | |
|---|---|
| स्थिर लागत | ₹ 1,00,000 वर्ष के लिए |
| परिवर्ती लागत | ₹ 40 प्रति मेज़ |
| विक्रय मूल्य | ₹ 140 प्रति मेज़ |
| क्षमता | 2000 मेज़ें प्रति वर्ष |

*(i)* सम-विच्छेद बिन्दु (बी० ई० पी०) का पता कीजिए।

*(ii)* ₹ 60,000 लाभ अर्जित करने के लिए बेची जाने वाली मेज़ों की संख्या का पता कीजिए।

*(iii)* *(i)* एवं *(ii)* के लिए क्या उत्तर होगा, यदि प्रति मेज़ विक्रय मूल्य बदलकर ₹ 120 हो जाता है?

*(iv)* यदि कम्पनी ₹ 4,000 अतिरिक्त स्थिर लागत के साथ प्रति वर्ष 600 मेज़ें अधिक बना सकती है, तो उपर्युक्त *(ii)* जैसा प्रति मेज़ लाभ बनाए रखने के लिए विक्रय मूल्य क्या होना चाहिए?

*ABC* company produces tables. An analysis of their accounting reveals—

| | |
|---|---|
| Fixed cost | ₹ 1,00,000 for the year |
| Variable cost | ₹ 40 per table |
| Selling price | ₹ 140 per table |
| Capacity | 2000 tables per year |

*(i)* Find the break-even point (BEP).

*(ii)* Find the number of tables to be sold to get a profit of ₹ 60,000.

*(iii)* What will be the answer for *(i)* and *(ii)*, if selling price changes to ₹ 120 per table?

*(iv)* If the company can manufacture 600 tables more per year with an additional fixed cost of ₹ 4,000, what should be the selling price to maintain the profit per table as *(ii)* above? 20

*(b)* "लेखांकन निर्णय लेने के लिए एक सूचना प्रणाली है।" समझाइए। इसकी विशेषताओं को बताइए।

"Accounting is an information system for decision making." Explain. State its characteristics. 15

*(c)* कर-लेखापरीक्षा क्या है? इसके उद्देश्यों को समझाइए। कर-लेखापरीक्षक कौन हो सकता है?

What is tax audit? Explain its objectives. Who can be a tax auditor? 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* जोखिम-प्रतिफल विनिमय-फलन (रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ) क्या है? वित्तीय निर्णयन में इसके महत्त्व को समझाइए।

What is risk-return trade-off? Explain its significance in financial decision making.

*(b)* अनुकूलतम पूँजी संरचना को परिभाषित कीजिए। इसके निर्धारक-तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

Define optimum capital structure. Discuss its determinants.

*(c)* पूँजी राशनिंग क्या है? पूँजी राशनिंग के सिद्धांतों को समझाइए।

What is capital rationing? Explain the principles of capital rationing.

*(d)* किन्हीं पाँच इन्नोवेटिव डेब्ट इंस्ट्रुमेंट को संक्षेप में समझाइए।

Briefly explain any five innovative debt instruments.

*(e)* स्टार्टअप उद्यमों को बढ़ावा देने में जोखिम पूँजी वित्तीयन (वी० सी० एफ०) के महत्त्व को समझाइए।

Explain the importance of venture capital financing (VCF) in promoting start-up enterprises.

**6.** *(a)* ज़ेनिथ एन्टरप्राइजेज लिमिटेड के पास निवेश के दो प्रस्ताव हैं—परियोजना $X$ और परियोजना $Y$। ये परस्पर अनन्य हैं। परियोजना $X$ के लिए ₹ 3·4 करोड़ की आरम्भिक लागत की आवश्यकता होती है और परियोजना $Y$ के लिए ₹ 3·3 करोड़ की आरम्भिक लागत की जरूरत होती है। दोनों परियोजनाओं के लिए जोखिम-मुक्त दर 8% है। परियोजना $X$ के लिए जोखिम प्रीमियम दर 2% है और परियोजना $Y$ के लिए 4% है।

दोनों परियोजनाओं के प्रत्याशित रोकड़ अन्तर्वाह और निश्चितता तुल्यमान गुणांक नीचे दिए गए हैं :

| वर्ष | *परियोजना X* | | *परियोजना Y* | |
|---|---|---|---|---|
| | *प्रत्याशित रोकड़ अन्तर्वाह* | *सी० ई० (CE)* | *प्रत्याशित रोकड़ अन्तर्वाह* | *सी० ई० (CE)* |
| 1 | ₹ 1·8 करोड़ | ·85 | ₹ 1·8 करोड़ | ·90 |
| 2 | ₹ 2·0 करोड़ | ·75 | ₹ 1·8 करोड़ | ·85 |
| 3 | ₹ 2·0 करोड़ | ·60 | ₹ 2·0 करोड़ | ·75 |

3 वर्षों के लिए पी० वी० एफ० :

| | *वर्ष 1* | *वर्ष 2* | *वर्ष 3* |
|---|---|---|---|
| पी० वी० एफ० @ 8% | ·926 | ·857 | ·794 |
| पी० वी० एफ० @ 10% | ·909 | ·826 | ·751 |
| पी० वी० एफ० @ 12% | ·893 | ·797 | ·712 |

इन विस्तृत विवरणों से निर्धारित कीजिए कि—

*(i)* जोखिम-समायोजित छूट दर विधि (रिस्क-एड्जस्टेड डिस्काउन्ट रेट मेथड);

*(ii)* निश्चितता तुल्यमान दृष्टिकोण विधि (सरटेंटि इक्विवेलेन्ट अपूरोच मेथड);

का उपयोग करके दोनों परियोजनाओं में से कौन-सी परियोजना स्वीकार की जानी चाहिए।

The Zenith Enterprises Ltd. has two investment proposals—project *X* and project *Y*. These are mutually exclusive. Project *X* requires an initial outlay of ₹ 3·4 crores and project *Y* requires an initial outlay of ₹ 3·3 crores. The risk-free rate is 8% for both the projects. The risk premium rate for project *X* is 2% and project *Y* is 4%.

The expected cash inflow and certainty equivalent coefficient for projects are given below :

| *Year* | *Project X* | | *Project Y* | |
|---|---|---|---|---|
| | *Expected Cash Inflow* | *CE* | *Expected Cash Inflow* | *CE* |
| 1 | ₹ 1·8 crores | ·85 | ₹ 1·8 crores | ·90 |
| 2 | ₹ 2·0 crores | ·75 | ₹ 1·8 crores | ·85 |
| 3 | ₹ 2·0 crores | ·60 | ₹ 2·0 crores | ·75 |

The PVF for 3 years :

| | *Year 1* | *Year 2* | *Year 3* |
|---|---|---|---|
| PVF @ 8% | ·926 | ·857 | ·794 |
| PVF @ 10% | ·909 | ·826 | ·751 |
| PVF @ 12% | ·893 | ·797 | ·712 |

From these details, determine which of the two projects should be accepted by using—

*(i)* risk-adjusted discount rate method;

*(ii)* certainty equivalent approach method. 20

*(b)* साख नीति क्या है? एक ग्राहक की उधार-पात्रता का आकलन करने में शामिल मानदंडों को समझाइए।

What is credit policy? Explain the criteria involved in assessing the credit-worthiness of a customer. 15

*(c)* भारत में मौद्रिक नीति ढाँचे की परिचालन-प्रक्रिया के चरणों की विवेचना कीजिए।

Discuss the phases of operating procedures of monetary policy framework in India. 15

**7.** *(a)* *XYZ* कम्पनी 60% क्षमता पर काम करके, प्रति वर्ष 48000 इकाइयों का उत्पादन निम्नलिखित लागत मूल्य ढाँचे पर कर रही है :

| | |
|---|---|
| कच्चा माल | ₹ 5 प्रति इकाई |
| मजदूरी | ₹ 3 प्रति इकाई |
| उपरिव्यय (परिवर्तनशील) | ₹ 2 प्रति इकाई |
| उपरिव्यय (स्थिर) | ₹ 1 प्रति इकाई |
| लाभ | ₹ 2 प्रति इकाई |
| विक्रय मूल्य | ₹ 13 प्रति इकाई |

चालू परिसंपत्तियाँ एवं दायित्व इस प्रकार थे :

| | (₹) |
|---|---:|
| कच्चा माल 4000 इकाइयाँ लागत पर | 20,000 |
| चालू कार्य 1000 इकाइयाँ लागत पर | 8,000 |
| तैयार माल 3000 इकाइयाँ लागत पर | 33,000 |
| विविध देनदार | 78,000 |
| माल के लेनदार | 30,000 |
| मजदूरी का दायित्व | 3,000 |
| खर्चों का दायित्व | 6,000 |

उत्पाद की बढ़ती माँग को देखते हुए यह निश्चय किया गया है कि 1.1.2021 से इकाई को 80% क्षमता पर काम करना चाहिए। अतिरिक्त उत्पादन को देखते हुए आपको आवश्यक अतिरिक्त कार्यशील पूँजी का पता लगाने की आवश्यकता है। सामग्रियों की कीमत, मजदूरी एवं खर्चों की दरें और प्रति इकाई विक्रय मूल्य में कोई बदलाव नहीं होगा। ग्राहकों को अनुमत उधार की अवधि, पूर्तिकारों द्वारा अनुमत उधार और साथ ही मजदूरी एवं खर्चों के भुगतान में विलम्ब पूर्व की भाँति बने रहेंगे।

*XYZ* Co. is operating on 60% capacity, producing 48000 units per annum at the following cost price structure :

| | |
|---|---:|
| Raw material | ₹5 per unit |
| Wages | ₹3 per unit |
| Overhead (variable) | ₹2 per unit |
| Overhead (fixed) | ₹1 per unit |
| Profit | ₹2 per unit |
| Selling Price | ₹13 per unit |

The current assets and liabilities were as follows :

| | (₹) |
|---|---:|
| Raw material 4000 units at cost | 20,000 |
| Work-in-progress 1000 units at cost | 8,000 |
| Finished goods 3000 units at cost | 33,000 |
| Sundry debtors | 78,000 |
| Creditors for goods | 30,000 |
| Liability for wages | 3,000 |
| Liability for expenses | 6,000 |

In view of the increased demand for the product, it has been decided that from 1.1.2021 the unit should operate at 80% capacity. You are required to ascertain the additional working capital as would be necessary in view of additional production. The price of materials, rates of wages and expenses and selling price per unit will not be changed. The period of credit allowed to customers, credit allowed by suppliers and also time lag in payment of wages and expenses shall remain the same as before. 20

(b) शासून लिमिटेड की निम्नलिखित पूँजीगत संरचना है :

| पूँजी के स्रोत | पुस्तक मूल्य (₹) | बाजार मूल्य प्रति प्रतिभूति (₹) |
|---|---|---|
| 30000 इक्विटि शेयर, ₹ 100 प्रत्येक | 30,00,000 | 120 |
| 10000 8% अधिमान शेयर, ₹ 100 प्रत्येक | 10,00,000 | 108 |
| 20000 10% ऋणपत्र, ₹ 100 प्रत्येक | 20,00,000 | 105 |

कम्पनी को अपने इक्विटि शेयर पर 5% वृद्धि दर के साथ 20% लाभांश घोषित करने की उम्मीद है। निगमित (कॉरपोरेट) कर की दर 30% और निगमित लाभांश कर 10% है। कम्पनी की पूँजी की भारित औसत लागत (डब्ल्यू० ए० सी० सी०) का परिकलन—

(i) पुस्तक मूल्य भार के रूप में;

(ii) बाजार मूल्य भार के रूप में;

प्रयोग करते हुए कीजिए।

Shasun Ltd. has the following capital structure :

| *Sources of Capital* | *Book value* (₹) | *Market value per security* (₹) |
|---|---|---|
| 30000 equity shares of ₹ 100 each | 30,00,000 | 120 |
| 10000 8% preference shares of ₹ 100 each | 10,00,000 | 108 |
| 20000 10% debentures of ₹ 100 each | 20,00,000 | 105 |

The company is expected to declare 20% dividend on its equity share with a growth rate of 5%. The corporate tax rate is 30% and corporate dividend tax is 10%. Calculate Weighted Average Cost of Capital (WACC) of the company using—

(i) book value as weight;

(ii) market value as weight. 15

(c) भारतीय बीमा क्षेत्र में आइ० आर० डी० ए० की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of IRDA in Indian insurance sector. 15

**8.** (a) एक कम्पनी की पूँजी ₹ 100 वाले शेयरों के साथ ₹ 100 करोड़ है। आजकल ये शेयर बाजार में सममूल्य पर मिल रहे हैं। कम्पनी चालू वित्तीय वर्ष, जो अभी शुरू हुआ है, की समाप्ति पर ₹ 6 प्रति शेयर लाभांश घोषित करने की योजना बना रही है। कम्पनी जिस जोखिम वर्ग में आती है उसकी पूँजीकरण दर 10% है। मोदीग्लियानी-मिलर (एम० एम०) प्रतिरूप का प्रयोग करके निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(i) वर्ष की समाप्ति पर शेयर की कीमत का परिकलन कीजिए, यदि (1) लाभांश घोषित कर दिया गया है और (2) लाभांश घोषित नहीं किया गया है।

(ii) यह मानकर कि कम्पनी ने लाभांश दिया है, उसकी निवल आय ₹ 10 करोड़ है और वह ₹ 20 करोड़ का नया निवेश इस वर्ष करना चाहती है, जारी किए जाने वाले शेयरों की संख्या का परिकलन कीजिए।

(iii) फर्म का मूल्य ज्ञात कीजिए, यदि (1) लाभांश घोषित कर दिया गया है और (2) लाभांश घोषित नहीं किया गया है।

A company has a capital of ₹ 100 crores with shares of ₹ 100 each. The shares are currently quoted at par in the market. The company is planning to declare a dividend of ₹ 6 per share at the end of current financial year which has just started. The rate of capitalisation for the risk class to which the company belongs is 10%. Using Modigliani-Miller (MM) model, answer the following :

*(i)* Calculate the price of the shares at the end of the year, if (1) dividend is declared and (2) dividend is not declared.

*(ii)* Calculate the number of shares to be issued assuming the company pays dividend, has net income of ₹ 10 crores and make new investment of ₹ 20 crores during the year.

*(iii)* Find out the value of the firm, if (1) dividend is declared and (2) dividend is not declared. 20

*(b)* एक विनिर्माण इकाई में मालसूची प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों को संक्षेप में समझाइए।

Briefly explain the different techniques of inventory management in a manufacturing unit. 15

*(c)* बेसल मानदंडों के अनुरूप बैंकिंग क्षेत्र में प्रमुख सुधारों की विवेचना कीजिए।

Discuss the key reforms in banking sector in line with BASEL norms. 15

★ ★ ★